हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 26 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13 . 0 डिग्री

एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का एनसीसी कैडेटों ने लिया संकल्प

4



## खबर संक्षेप

### कई स्थानों से एसआईआर फॉर्म भरने वालों पर होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवम्बर से शुरू हो चुका है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण लगभग पूरा हो गया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटाइजेशनका कार्य प्रगति पर है। मुख्य निवार्चन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे कृपया ध्यान दें कि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है, या ऐसे निर्वाचक के मामले में जो जानता है कि उसका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है और इस प्रकार गणना प्रपत्र में एक ऐसी घोषणा करता है जो गलत है या जिसके बारे में वह जानता है या मानता है कि वह सत्य नहीं है, वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 तक

**सक्ती।** युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 नवंबर तक आमंत्रित किए गए है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना प्रारंभ किया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना के तहत पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम राज्य युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह 12 जनवरी को राज्य स्तरीय कार्यक्रम रापयुर में किया जायेगा। जिले के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 30 नवंबर तक जमा कर सकते है।

### शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है और उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर तक शत प्रतिशत गणना फॉर्म वितरण एवं संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम 3 बूथ लेवल अधिकारियों को किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय दिया जाएगा।

बेरोजगार युवाओं को नहीं मिल पा रहा स्वरोजगार के लिए लोन

# सात सालों से अंत्यावसायी वित्त विभाग में बजट का रोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अंत्यावसायी वित्त विभाग में पिछले 7 सालों से बजट की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार करने के लिए लोन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में युवाओ को आत्मनिर्भर बनाने का सपना पूरा होता नजर तक नही आ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के एसबीआई मुख्य ब्रांच के पास अंत्यावसायी वित्त विभाग का संचालन किया जा रहा है। विभाग में आवेदन जमा करने के बाद बैंक के माध्यम से बेरोजगार युवाओ को लोन दिया जाना रहता है, लेकिन विभाग मे पिछले 7 सालो से बजट की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार करने के लिए बैंकों के माध्यम से लोन नही मिल पा रहा है। योजना के तहत अनुसुचित जाति वर्ग के युवाओ को स्वरोजगार से जोडने को लेकर ट्रैक्टर ट्राली, डीजल आटो संचालन को लेकर लोन देना रहता है। इसी प्रकार अनुसुचित जनजाति वर्ग के युवाओ के लिए शिक्षा लोन, कपडा दुकान संचालन, फोटो कापी, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए आटो रिक्शा संचालन, लघु ब्यवसाय, महिला समृद्धि, श्रृंगार सामान, ब्यूटी पार्लर सहित अन्य तरह के व्यवसाय को लेकर बेरोजगार युवक एवं महिलाओं को लोन दिया जाना रहता है। वहीं लोन लेने को लेकर 5 सालों के भीतर 3 हजार से भी अधिक युवा बेरोजगारों ने आवेदन जमा तो कर दिये, लेकिन बजट की समस्या के चलते युवाओं को स्वरोजगार करने के लिए लोन नहीं मिल पा रहा है। जांजगीर चाम्पा जिले में बेरोजगार युवाओं की संख्या 1 लाख से भी अधिक है। कई युवा पढाई लिखाई करने के बार स्वयं से आत्मनिर्भर बनने के उदेश्य से लोन पाने की तलाश में आवेदन भी विभाग में दे चुके है, लेकिन आवेदन जमा करने के बाद भी उन्हें लोन पाने के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के तहत बेरोजगार युवाओ को करीब 1 से 10 लाख रूपए तक के लोन देने की कार्ययोजना शासन स्तर से बनाई गई है। वहीं बजट समस्या के चलते कार्य आगे नही बढ पा रहा है। जिले के पामगढ़, नवागढ़, बलौदा, अकलतरा एवं बम्हनीडीह क्षेत्र मे बेरोजगार युवाओ की कमीं नही है। उन्हे स्वरोजगार करने बैंको के माध्यम से लोन नही मिल पा रहा है।



### 4 करोड़ रुपए की करनी है वसूली

जिला अंत्यावसायी वित्त विभाग को बैंक के माध्यम से लोन लेने वाले बेरोजगार युवाओ से करीब 4 करोड़ रूपए का लोन वसुल किया जाना है, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते पूर्व मे दिए गए लोन की वसूली नही हो पा रही है। कई बेरोजगार युवा स्वयं से कार्य करने को लेकर लोन तो ले लेते है, लेकिन जब लोन की राशि जमा करने की बारी है तो विभाग के अफसर जब राशि लेने के लिए पहुंचते है तो लोन लेने वाले कई लोग मौके से नदारद भी रहते है। ऐसे में इन पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते उनके हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। वहीं लंबे समय से बजट समस्या के कारण विभागीय कामकाज महज फाइल निपटाने तक ही सिमटकर रह गया है। इसके अलावा बजट समस्या के चलते विभाग में पूर्व से संचालित कई योजना बंद होने के कगार पर आ चुका है, जिसका नुकसान सीधे तौर पर बेरोजगार युवाओ को हो रहा है, जो लोन लेकर अपने स्वयं का व्यवसाय करना चाहते है।

### भेजी जाती है जानकारी

विभाग एवं बैंक के सहयोग से बेरोजगार युवाओं को आवेदन एवं पात्रता के आधार पर लोन दिया जाना रहता है। बजट समस्या के कारण उन्हें लोन नहीं मिल पा रहा है। बजट आबंटन को लेकर जानकारी भेजी गई है।

-संदीप शुक्ला, सीईओ
अंत्यावसायी वित्त विभाग
जांजगीर-चांपा

# 10 दिनों के भीतर मुख्य मार्ग पर चार दुकानों में चोरी की घटना से दहशत

## साईं डेली नीड्स में दूसरी बार बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा शहर में दस दिनों के भीतर मुख्य मार्ग पर चार दुकानों में हुई चोरी की घटना से नगरवासी दहशत में है। वे अपने जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। यहां तक की नगर के सांई डेली नीड्स में तो चोरों ने दस दिनों के भीतर दूसरी बार धावा बोलकर नगदी समेत हजारों का माल पार कर दिया।

नगर के मुख्य मार्ग पर आजाद चौक में स्थित मां मोबाइल एवं आकाश टॉकीज के सामने स्थित साईं डेली नीड्स में सोमवार 24 नवंबर की रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी एवं दुकान के सामानों को पार कर दिया। साईं डेली नीड्स के संचालक संतोष चंदवानी के पिता रमेश चंदवानी रोज की तरह मंगलवार की सुबह 5 बजे दुकान की साफ सफाई के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का छप्पर टूटा हुआ है एवं समान बिखरे हुए हैं वह गल्ला भी टूटा हुआ है। घटना की सूचना अपने पुत्र संतोष चंदवानी को देने पर संतोष चंदवानी दुकान पहुंचे एवं निरीक्षण करने पर पता चला कि चोरों के द्वारा गल्ले में रखा 8 हजार नगद एवं 35 हजार का समान पार कर दिया है। ज्ञात हो कि साईं डेली नीड्स में 16 नवंबर को भी चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से को तोड़कर दुकान में रखे 45 हजार रुपए एवं 10 हजार का सामान पर कर दिया था। इसी प्रकार मंगलवार को सुबह 10 बजे आजाद चौक में मां मोबाइल के संचालक विष्णु अग्रवाल ने अपना दुकान खोला तो अंदर बिखरे हुए सामानों को देखकर सन्न रह गये। बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला कि चोरों के द्वारा गल्ले में रखा लगभग 10 हजार एवं 10 हजार के मोबाइल एसेसरीज को चोरी कर लिया गया है। दोनों ही दुकान संचालकों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे एवं निरीक्षण कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मां मोबाइल में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद हो गई है जिसका विश्लेषण कर पुलिस के द्वारा कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 10 दिनों के अंदर नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों में चार बार धावा बोलकर बड़ी मात्रा में नगद एवं सामान चोरी किए जाने से नगर वासी सहम गए हैं। 16 नवंबर को साईं डेली नीड्स के पिछले दरवाजे को तोड़कर गले में रखा 45 हजार ररुपए एवं 10 हजार का सामान चोरी किया गया था। 23 नवंबर को एक्सिस बैंक के सामने कस्तूरी ट्रेडर्स का ताला तोड़कर 5 लाख रुपए नगद एवं 5 लाख रुपए के सोने से व चांदी के आभूषण चोरों ने चुरा लिए थे। इसी प्रकार 25 नवंबर की रात को भी साईं डेली नीड्स में दोबारा धावा बोलकर 35 हजार रुपए का सामान एवं 8 हजार नगद व मां मोबाइल का छप्पर तोड़कर 10 हजार रुपए का सामान व 10 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिए जाने से नगर के दुकानदारों एवं नगर वासियो में भय व्याप्त हो गया है। नगर वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए नगर में रात्रि को पुलिस गस्त बढ़ाकर चोरों को पकड़ने की मांग की गई है।




छप्पर तोड़कर इस दुकान में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम।

# आपराधिक प्रकरणों में 90 दिनों के भीतर चलान करें प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- पुलिस लाइन जांजगीर में तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवीन कानूनों के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन सीसीटीएनएस प्रशिक्षण कक्ष में हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधिक प्रकरण जिसमें 60 एवं 90 दिवस के भीतर चलान प्रस्तुत व लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

नवीन अपराधिक कानूनों में शामिल किए गये तकनीकी प्रक्रियाओं नवाचारों को घरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए इनका समन्वय पुलिसिंग की बुनियादी कार्यशैली में कैसे किया जायें, इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार 25 नवंबर को पुलिस लाइन जांजगीर में नवीन कानून के क्रियान्वयन के संबंध कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित नए अपराधिक कानून भारत की न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाओं लेकर आयें है। इन कानूनों में पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए कठोर दण्ड का प्रावधान एवं पुलिस प्रक्रिया में तकनीकी नवाचार पीड़ित पक्ष को लाभ/न्याय मिले, घटना स्थल निरीक्षण, तलाशी और जप्ती, वीडियोग्राफी डिजिटल ट्रैकिंग शामिल है। अपराधिक प्रकरण जिसमें 60 एवं 90 दिवस के भीतर चलान प्रस्तुत, लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम जिसके संचालन की प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान स्पष्ट रुप से कहा कि इन प्रावधानों का कड़ाई से पालन समस्त पुलिस अधिकारियों की सामुहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर प्रद्युमन पाण्डे, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप सोरी, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, प्रधान आरक्षक राकेश खाखा सीसीटीएनएस शाखा प्रभारी, जिले सभी थाना व चौकी प्रभारी एवं सीसीटीएनएस आपरेटर उपस्थित रहे।



कार्यशाला में जानकारी देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

कहीं हार्वेस्टर तो कहीं मजदूर कर रहे धान की कटाई

# पसीने की कमाई सहेजने जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपने खून पसीने की कमाई को सहेजने में जिले के किसान जुट गए हैं। धान की फसल तैयार होने के बाद अब इसकी कटाई जोर पकड़ने लगा है। कहीं हार्वेस्टर से कटाई की जा रही है तो कहीं मजदूर इस कार्य में जुटे हुए है।

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में 92 फ़ीसदी सिंचित भूमि है, वहीं सिंचाई का प्रमुख साधन नहर है। जिले के किसान जून-जुलाई के महीने में जो धान की फसल लगाए थे, वह अब पककर पूरी तरह से तैयार हो गया है। जिले में धान की फसल पकते ही किसान इसकी कटाई में जुट गए है। सुबह से शाम तक धान की कटाई व व्यवस्थापन में पूरा परिवार जुट गया है। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सरखों, सिवनी, कन्हाईबंद, पेंड्री, खोखरा, पुटपुरा, धाराशिव, सुकली में धान कटाई का काम जोर पकड़ने लगा है। धान कटाई के बाद किसान ट्रैक्टर या गाड़ा से फसल को खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हुए है। धान के भरोसे ही जीवन यापन करने वाले किसान इस बार अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद लगा रहे हैं। अभी मिंजाई का कार्य जोर नहीं पकड़ पाया है। धान कटाई कार्य प्रारंभ होने के बाद कई बड़े किसान अपनी धान की फसल को हार्वेस्टर के माध्यम से कटवा रहे है। इधर किसानों द्वारा कृषि कार्य में ट्रेक्टर के अलावा पारंपरिक रूप से इस्तेमाल होने वाले बैलगाड़ी, बेलन सहित अन्य साधनों से धान मिंजाई करने की तैयारी में जुट गए हैं। इस वर्ष धान कटाई की मजदूरी बढ़ गई है, पहले जहां 1 एकड़ धान की कटाई के लिए मजदूर पहले जहां 1 हजार रुप से 12 सौ रुपए लेते थे वह अब बढ़कर 15 सौ से दो हजार रुपए तक पहुंच गया है। हार्वेस्टर व थ्रेसर जहां अंदर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं वहां हाथ से ही कटाई की जा रही है। बहुत से किसान हार्वेस्टर से धान कटाई में ज्यादा रुचि ले रहे है।



खेत में धान कटाई करते मजदूर एवं हार्वेस्टर से हो रही धान कटाई।

खबर संक्षेप



## नेशनल स्तर पर क्रिकेट में चयनित होकर सिद्धार्थ ने बढ़ाया मान

**कटघोरा।** कटघोरा के भाजपा नेता मनोज दुबे के सुपुत्र प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर सिद्धार्थ दुबे ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के दम पर नेशनल स्तर पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है यह उपलब्धि न केवल सिद्धार्थ के व्यक्तिगत संघर्ष और प्रतिबद्धता का प्रमाण है बल्कि उनके कोच विशाल दुबे के शुरुआती दौर से मिले सुनियोजित मार्गदर्शन और प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग का भी परिणाम है। सिद्धार्थ ने हाल ही में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बल्लेबाज़ी और फिटनेस के मजबूत प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। ट्रायल प्रक्रिया में कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जहाँ सिद्धार्थ ने अपने कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास से सबका ध्यान आकर्षित किया। कोच विशाल दुबे ने सिद्धार्थ की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता लंबे समय से जारी कठोर अभ्यास, खेल के प्रति समर्पण और सही दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है सिद्धार्थ जिले के एक छोटे से गांव सिंघिया स्कूल के विश्व एकेडमी में कोचिंग ले रहे थे। मैदान में सिद्धार्थ ने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की उनका यह चयन आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। सिद्धार्थ का चयन कटघोरा और आसपास के क्षेत्रों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है स्थानीय खेल समुदाय, खेल प्रशिक्षकों और नागरिकों में सिद्धार्थ की सफलता पर खुशी की लहर है क्षेत्र के कई वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने भी सिद्धार्थ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ छोटे शहरों की प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुँचने का हौसला देती है।

## धान खरीदी पर किसानों का बढ़ा भरोसाः अन्नू

**कोरबा।** तिलकेजा निवासी किसान अन्नू जायसवाल इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 3 एकड़ कृषि भूमि पर अपने पिता रामू जायसवाल सहित सपरिवार खेती करने वाले अन्नू ने पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 60 क्विंटल धान की बिक्री कर अच्छी आमदनी प्राप्त की थी। समय पर मिले भुगतान ने उनकी खेती और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की। धान कटाई के कार्यों के बीच जब अन्नू अपनी फसल का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो उनके चेहरे पर इस साल की खरीदी को लेकर उम्मीद साफ झलकती है। खेत में थ्रेसर और ट्रैक्टर की मदद से चल रहे कटाई कार्यों के बीच वे बताते हैं कि सरकार की पारदर्शी और सुचारु धान खरीदी व्यवस्था छोटे किसानों के लिए बड़ी राहत है। अन्नू का कहना है कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक सामग्री जुटाई।

## डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने 78वां स्थापना दिवस मनाया। कैडेटों ने शानदार परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ साइकिल रैली भी निकाली। प्रधानाचार्य कैलाश पवार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और पूरे कैडेट कोर के योगदान और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने फील्ड प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत परेड की सराहना की। एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी कार्यक्रमों फायर ड्रिल, रायपुर, रायगढ़ और भोपाल में आयोजित एनसीसी शिविरों में भाग लिया। प्रधानाचार्य श्री पवार ने कैडेटों को उनकी भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।

## डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने मनाया स्थापना दिवस

**कोरबा।** डीपीएस बालको एनसीसी कैडेटों ने 78वां स्थापना दिवस मनाया। कैडेटों ने शानदार परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ साइकिल रैली भी निकाली। प्रधानाचार्य कैलाश पवार ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और पूरे कैडेट कोर के योगदान और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने फील्ड प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत परेड की सराहना की।

### पाड़ीमार जोन अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में तैयार हो सब स्टेशन

# 6 हजार उपभोक्ताओं को दिसंबर में मिलेगी डबल सप्लाई की सौगात, सब स्टेशन बनकर तैयार


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए शहरी क्षेत्र के ज्यादातर इलाकों में डबल सप्लाई की दिशा पर आगे बढ़ रहा है। कई इलाकों में इसके लिए काम भी पूरा हो चुका है और डबल सप्लाई का लोगों को लाभ भी मिल रहा है। इसी कड़ी में शहर के पॉश इलाके निहारिका, घंटाघर, कांशीनगर, सीएसईबी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र को भी डबल सप्लाई से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा लगभग 1 करोड़ की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है जो लगभग तैयार हो चुका है। संभावना जतायी जा रही है कि दिसंबर महीने में चार्ज कर दिया जाएगा। जिसके बाद निहारिका क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों को डबल सप्लाई का लाभ मिलना शुरु हो जाएगा।

**खास बात**

- गर्मी के दिनों में ओवरलोड की समस्या से मिलेगी निजात

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग अपने उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि निहारिका क्षेत्र के आसपास बसने वाले लोगों को गर्मी के दिनों पावर कट की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लगातार ओवरलोड की समस्या को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने निहारिका क्षेत्र में एक अन्य सब स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव वरिष्ठ अफसरों को भेजा था। जहां मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी में 33 गुणा 11 केवी का लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सब स्टेशन का निर्माण काम जोरों पर है, विद्युत विभाग के अधिकारियों की मानें तो 15 दिसंबर तक काम पूरा हो जाएगा। सब स्टेशन में 5एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर सहित कुछ अन्य उपकरण लगना ही शेष है। यह सब स्टेशन तैयार होते ही दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इसे चार्ज कर दिया जाएगा। जिसके बाद निहारिका से कोसाबाड़ी, सीएसईबी कॉलोनी, कांशीनगर सहित आसपास के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होगी और यह सब स्टेशन पूरे इलाके को दोहरी सप्लाई देगा। यदि इस इलाके में अत्याधिक समस्या या पावर कट होती है तो तुरंत निहारिका सब स्टेशन से फीडर को जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जाएगी।


फाइल फोटो

### 6 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

विद्युत वितरण विभाग के डीई रौशनलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसईबी कॉलोनी में सब स्टेशन का काम अंतिम रुप में आ चुका है। इस सब स्टेशन के चार्ज होने के बाद निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 6 हजार उपभोक्ताओं को इस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। विद्युत वितरण विभाग के अफसर की माने तो डबल सप्लाई के तौर पर इस सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही गर्मी के दिनों में ओवरलोड होने की स्थिति में इस सबस्टेशन के माध्यम से इस इलाके के कई क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी और आपात की स्थिति में यदि किसी सब स्टेशन में फॉल्ट आता है तो इस सब स्टेशन से बैकअप दिया जा सकेगा और उस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### दिसंबर की महीने में होगा चार्ज

सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी के भीतर 33 गुणा 11 केवी का सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है। इस सब स्टेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। सब स्टेशन में 5एमव्हीए का पावर ट्रांसफार्मर लगेगा। दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में चार्ज करने का निर्देश जारी किया गया है। इस सब स्टेशन के चालू होने से निहारिका क्षेत्र के उपभोक्ताओं को डबल सप्लाई का लाभ मिलेगा।

-रोशन लाल वर्मा,
डीई, विद्युत वितरण विभाग कोरबा शहर

## करणी सेना की सभी मांगे सरकार को माननी ही होगी : शेखावत


पत्रकारों से बातचीत करते करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करणी सेना 7 दिसंबर को अपनी सभी मांगें सरकार से मनवा कर रहेंगी। हमारी सभी मांगें पूरी तरह से उचित हैं। संगठन तोमर बंधुओं को बचाने की नहीं बल्कि बहन-बेटियों के आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ रहा है।

**खास बात**

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मीडिया से बातचीत

उक्त बातें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत सोमवार को प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि रायपुर में वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के साथ जो हुआ उस बारे में न्याय पालिका अपना काम करेगी। वे उन्हें बचाने नहीं बल्कि तोमर परिवार की बहन-बेटियों के साथ हुए अत्याचार का जवाब देने आए हैं क्योंकि यह विषय राजपूत क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि नारी शक्ति के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। किसी भी कीमत पर इस तरह की हरकतों को सभ्य समाज स्वीकार नहीं करने वाला है, इसलिए 7 दिसंबर को हमने रायपुर में महा न्याय पंचायत का आयोजन किया है। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल होंगे। डॉ. राज शेखावत ने साफतौर पर कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती से अग्रवाल, सिंधी और अन्य समाज के महापुरुषों को लेकर जिन लोगों ने घटिया टिप्पणी की है, उन लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए। इस लड़ाई में वे हमेशा समाज के साथ रहेंगे। कई घटनाएं इससे पहले हो चुकी हैं और अभद्र टिप्पणी करने वालों ने इसका असर देखा है। इस दौरान राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह, धर्मसेना के अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह के अलावा शशि सिंह, सरबजीत सिंह, मुकेश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान किया शुरु


अभियान का शुभारंभ करते हुए आरएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को बढ़ाने में लगा हुआ है। राष्ट्रीयता की भावना के जागरण पर उसका फोकस है। वर्तमान में जिले में गृह संपर्क अभियान जोर शोर जारी है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आरएसएस का गृह संपर्क अभियान 15 नवंबर से प्रारंभ किया गया है जो 15 दिसंबर तक चलेगा। नगर से लेकर उपनगर, खंड और मंडल स्तर पर इसे क्रियान्वित किया जाना है। पूरे अभियान के संचालन के साथ अधिकतम घरों तक पहुंच बनाने के लिए हजारों की संख्या में टोलियां बनायी गई है। उन्हें भारतमाता के चित्र के साथ आरएसएस के इन वर्षों के सफर पर संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। राष्ट्र और समाज की भूमिका और व्यक्ति की भागीदारी को लेकर उन्हें अवगत कराया जा रहा है। बताया गया कि अगले महीने से शुरू किये जाने वाले रामनाम लेखन महायज्ञ में लोग जुड़े, इसके लिए उन्हें अक्षत के साथ आमंत्रण भी दिया जा रहा है। बताया गया कि इस अभियान की जानकारी प्राप्त होने पर लोग स्वस्फूर्त अपने आपको संलग्न कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में 3 लाख लोगों तक राम नाम लेखन की पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएगी। इनके माध्यम से प्रत्येक पुस्तक में 12 हजार रामनाम लिखे जाएंगे। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 3.33 खरब रामनाम युक्त पुस्तकें अयोध्या भिजवाई जाएंगी।

## वन विभाग एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला

**कोरबा।** शासकीय इं. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकासखंड कोरबा के वनांचल ग्राम मदनपुर में आयोजित सात-दिवसीय विशेष शिविर में मानव–हाथी द्वंद्व को कम करने की पहल पर एक महत्त्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता, अम्बिकापुर से आए वन विभाग के हाथी विशेषज्ञ प्रभात दुबे ने मानव–हाथी द्वंद्व के कारणों, उनके समाधान, तथा हाथियों से सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हाथी मनुष्य के शत्रु नहीं हैं, बल्कि हम मनुष्य ही उनके प्राकृतिक आवास में अतिक्रमण कर रहे हैं, जिसके चलते दोनों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। पहले जंगल विशाल थे, जिससे मनुष्य और वन्यजीवों में सहजीविता बनी रहती थी, लेकिन वर्तमान समय में वन क्षेत्र घटने से विश्वसनीयता टूटी है।

## पिता की हत्या के मामले में फरार वारंटी को हैदराबाद से आते ही पुलिस ने दबोचा

**कोरबा।** तीन माह पूर्व एक युवक ने मामूली बात को लेकर अपने वृद्ध पिता की हत्या कर दी थी और हत्या कर फरार हो गया था। जिसके खिलाफ वारंट जारी हो गया था, पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी की सरगर्मी से खोजनबीन में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस ने दीपका खदान क्षेत्र में दबिश देकर हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार पर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरकी झाबर निवासी शंकर लाल खांडे उम्र 35 वर्ष ने अगस्त महीने में अपने 60 वर्षीय वृद्ध पिता परसराम खांडे की मामूली बात पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और हत्या के बाद वह हैदराबाद फरार हो गया था। पिछले कई महीनों से पुलिस उसकी खोजबीन में लगी हुई थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच शंकरलाल के खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी हो गया था।

## जटगा रेंज में बाड़ियों में घुसकर हाथियों ने चट की सब्जी की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में बड़ी संख्या में हाथी पहुंच गए हैं। एतमानगर रेंज के पचरा जंगल से पहुंचे 53 हाथियों के झुंड ने बीती रात जटगा व आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया और एक ग्रामीण के बाड़े को उजाड़ते हुए वहां लगे गंवार फल्ली, फूलगोभी, केला, बरबट्टी एवं अन्य सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर हाथियों के झुंड ने धान की फसलों को भी चौपट कर दिया है। हाथियों का उत्पात रात भर चला। बाड़ी उजाडने तथा खेतों में फसल को चौपट करने के बाद हाथियों का दल सुबह होने से पहले जंगल की ओर रूख किया और कक्ष क्रमांक ओएच 176 में डेरा डाल दिया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले हाथियों का झुंड एतमानगर रेंज के पचरा क्षेत्र में विचरण कर रहा था। हाथियों ने दो दिन पूर्व वहां से झुंड बनाकर आगे बढना शुरू किया और जटगा रेंज में एक स्थान पर पहुंचने के साथ एकजुट हो गए। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने के बाद विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है।


बाड़ी में लगे फसल को चट करते हाथी।

### 12 हाथियों का झुंड जा पहुंचा है साजापानी

करतला वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड में से 12 हाथी पिछले तीन दिनों से लबेद व साजापानी के जंगल मे विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा टीम बनाकर लगातार हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा लगातार आसपास के गाँव मे लाउडस्पीकर लगाकर सतर्क व सुरक्षित रहने मुनादी करवाई जा रही है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लव धीरही (Lav Dhirhi) पिता संतराम धीरही (Santram Dhirhi) निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी (Housing Board Colony, HIG 51, Collectorate Janjgir) जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम लव धीरही (Lav Dhirhi) को त्याग कर लव कुमार धीरही (Lav Kumar Dhirhi) नया नाम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम कर लव कुमार धीरही (Lav Kumar Dhirhi) से ही जाना-पहचाना जावे।

**लव कुमार धीरही**
(Lav Kumar Dhirhi)
Housing Board Colony,
HIG 51,
Collectorate Janjgir
Disst-Janjgir-Champa
(C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to thegeneral public that I Lav Dhirhi S/O Santram Dhirhi resident of Housing Board Colony, HIG 51, Collectorate Janjgir Disst-JANJGIR-CHAMPA(C.G.) have changed my old name Lav Dhirhi S/O Santram Dhirhi so in future Ishould be recognized by I my new name that is Lav Kumar Dhirhi S/O Santram Dhirhi in all Government and other documents.

Lav Kumar Dhirhi
Housing Board Colony,
HIG 51, Collectorate
Janjgir
Disst-JANJGIR-
CHAMPA (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार सारागांव**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202508065000030/अ-6-अ/2024-25
पक्षकार गणेश राम वगै. **विरूद्ध** जानकी बाई
वाद भूमि ग्रामः- अफरीद तहसील सारागांव
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

### उपस्थिति सूचना पत्र

रा.प्र.क्र. 202508065000030/अ-6-अ/2024-25 पक्षकार गणेश राम वगै. विरूद्ध जानकी बाई त्रुटि सुधार/ रिकार्ड दूरूस्ती के प्रकरण में अनावेदक जानकी बाई पिता धंनजय निवासी ग्राम अफरीद तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है, जिसमें आपकी उपस्थिति आवश्यक है। अतः आप सुनवाई दिनांक 04/12/2025 समय सुबह 11:00 बजे स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करे, अनुपस्थिति की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा से जारी किया गया। सूचना जाने।

**तहसीलदार**
**सारागांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण,**
**जिला- जांजगीर-चांपा**

### ईश्तहार

क्रमांक /Q / तह. / वाचक / 2025
शिवरीनारायण, दिनांक 24/11/2025
रा.प्र.क्र.202511065300027/अ-6-अ/2023-24
ग्राम-मिसदा, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. मिसदा
पुनीराम उर्फ छेदीलाल साहू पिता फगुवा, जाति-तेली, निवासी ग्राम मिसदा, तहसील शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर चाम्पा. छ.ग. ...आवेदक **विरुद्ध** छत्तीसगढ़ शासन...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुनीराम उर्फ छेदीलाल साहू पिता फगुवा, जाति तेली, निवासी मिसदा, तहसील-शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम मिसदा अवस्थित भूमि खसरा नंबर 65/26, 1009/1, 1009/2, 1009/3, 1096/5, 1119, 1514/4, 1514/5, 1968/3, 1986/41, 2012/1, 2231/2, 2577/3, 2578/1, 2598, 2764/1 रकबा क्रमशः 0.0160, 0.0770, 0.1540, 0.1250, 0.1220, 0.1170, 0.1820, 0.1410, 0.0810, 0.0120, 0.0530, 0.0610, 0.0410, 0.0810, 0.1050 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 16 कुल रकबा 1.3800 हेक्टेयर भूमि आवेदक एवं उनके पुत्रों के साथ शामिलात खाते में आवेदक का नाम पुनीराम पिता फगुवा दर्ज होते चला आ रहा है, जबकि आवेदक के आधार कार्ड, पासबुक एवं अन्य दस्तावेजों में छेदीलाल साहू पिता खोलबहरा के नाम पर दर्ज है। आवेदक एवं उनके पिता का नाम भिन्न-भिन्न दर्ज हो जाने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदक को पुनीराम उर्फ छेदीलाल साहू तथा उनके पिता को फगुवा उर्फ खोलबहरा के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। अतः आवेदक राजस्व रिकार्ड में उक्त दोनों नाम से राजस्व अभिलेख दुरूस्त कराने हेतु मौजूदा आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण एवं अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में सुनवाई तिथि 09-12-2025 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन शील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बढ़ना, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# विजय और जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

## शहीद विजय सालस्कर पर बनाएंगी मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी सादगी से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं श्रद्धा कपूर जहां इन दिनों पैर में फ्रैक्चर के कारण घर पर आराम फरमा रही हैं, वहीं उन्होंने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बाद उनके दीवानों की बांछे खिल गई हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि उनकी अगली फिल्म कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ होगी।


राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। श्रद्धा बीते दिनों फिल्म 'ईथा' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। वह लावणी डांस सीक्वेंस शूट कर रही थीं, जबकि उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। एक्ट्रेस ने हेल्थ अपडेट भी दिया है। बताया है कि सेहत में सुधार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल-जवाब सेशन के दौरान मजाक में कहा कि फ्रैक्चर की वजह से वह 'टर्मिनेटर' की तरह घूम रही हैं। उन्होंने बताया कि 'ईथा' के बाद वह राहुल मोदी की एक फिल्म में दिखेंगी, जो स्टार्टअप्स की दुनिया की कहानी होगी। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म में उनका रोल बहुत चैलेंजिंग है। श्रद्धा कपूर ने ये भी बताया कि वह बतौर प्रोड्यूसर सुपर फैट स्टूडियो के साथ दो फिल्में को-प्रोड्यूस करने वाली हैं। इनमें से एक फिल्म जाबांज पुलिस अफसर एक पुलिसवाले विजय सालस्कर की कहानी होगी, जो 26/11 हमलों में शहीद हो गए थे। इसे अखिव अली डायरेक्ट करेंगे। विजय सालस्कर ने दगड़ी चॉल में अरुण गवली के गैंग के कई गुंडों का एनकाउंटर किया था। श्रद्धा कपूर ने एक और खुलासा किया कि उन्होंने एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, 'मैंने एक फिल्म की शूटिंग पहले ही कर ली है।

## हॉलीवुड मसाला



# उदयपुर वेडिंग में दी शानदार प्रस्तुति

**मुंबई।** उदयपुर में नेत्रा मंटेना और वाम्सी गडिराजू की भव्य शादी सुर्खियों में रही। इस शादी में हॉलीवुड की जानी-मानी गायिक जेनिफर लोपेज भी पहुंचीं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिसमें जेनिफर स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दे रही हैं। वो अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। हॉलीवुड डीवा ने रोज-गोल्ड टोन की साड़ी पहनी, जिस पर सीक्विन वर्क की महीन ग्रिड डिजाइन उसे शाही चमक दे रही थी। इसे ऐसे ड्रेप किया गया कि साड़ी और गाउन का मेल एकदम परफेक्ट मॉडर्न-इंडियन फ्यूजन जैसा लगे।



# गैल गैडोट को प्रेग्नेंसी में हुआ था ब्रेन क्लॉट...

**लॉस एंजिल्स।** 'वंडर वुमन' स्टार गैल गैडोट ने पिछले साल हुए अपने हेल्थ इश्यू को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके सिर में दर्द रहने लगा। उनकी मां ने उन्हें एमआरआई करवाने के लिए कहा। जब डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनके दिमाग में थक्का जम गया है तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ये सोचने लगीं कि क्या वो जिंदा बच पाएंगी। वो तब 8 महीने की प्रेग्नेंट थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'उस पल से मैं कुछ भी समझ नहीं पा रही थी। अंग्रेजी तो मानो खिड़की से बाहर हो गई थी। मेरे पति अलग-अलग डॉक्टरों से बात कर रहे थे और मैं बस यही सोच रही थी कि क्या मैं मर जाऊंगी? क्या मरने से पहले ऐसा ही महसूस होता है? क्या वे मुझे बचा पाएंगे?... क्या बच्चा ठीक रहेगा?' गैल गैडोट ने याद करते हुए बताया कि उन्हें सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस (सीवीटी) का पता चला था।



# 120 बहादुर में दिखाया अभिनय का कमाल


**जयपुर।** भारत-चीन युद्ध पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' में जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया है। थिएटर से अपने सफ़र की शुरुआत करने वाली लक्ष्मी ने बॉलीवुड में कम समय में वेब सीरीज, फिल्मों और विज्ञापनों में अपनी पहचान बनाई. राजस्थानी लोकनृत्य, विशेष रूप से कालबेलिया में महारथ रखने वाली लक्ष्मी सुराणा का कहना है कि यह फिल्म 120 अमर वीरों की आवाज़ है और इसमें काम करना उनके लिए गर्व की बात रही। इस फिल्म में फरहान अख्तर द्वारा निभाए गए मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने निभाया है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।




# धनुष-मृणाल में चल रही इश्क की गुटर-गु

**मुंबई।** ऐश्वर्या रजनीकांत से अलगाव के तीन साल बाद धनुष और मृणाल ठाकुर के बीच इश्क की अफवाहों ने एक बार फिर जोर पकड़ा है। धनुष और ऐश्वर्या ने साल 2022 में अलग होने की घोषणा की थी, जबकि बीते साल 2024 में दोनों ने कानूनी रूप से तलाक ले लिया। इसी बीच धनुष का नाम साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की हसीना मृणाल ठाकुर से जुड़ने लगा। अब एक बार फिर दोनों के बीच इश्क के गुटर गु की चर्चा है। माजरा फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की नई रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' से जुड़ा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। बीते 21 नवंबर को मेकर्स ने 'दो दीवाने सहर में' की आधिकारिक घोषणा करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सोशल मीडिया पर कई सेलेब्स ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में फिनाले से पहले नॉमिनेशन टास्क में बवाल...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब अपने उस जर्नी पर है जहां कंटेस्टेंट्स के आपसी लड़ाई-झगड़े खत्म हो जाते हैं और उनके बीच एक अलग बॉन्डिंग दिखने लगती है। न कॉफी, चिकन और खाना बनाने की लड़ाई बचती है और न ही काम के बंटवारे को लेकर किसी तरह की नोंकझोंक। ऐसा लगने लगता है जैसे अब सब भारी मन से इस खेल के फाइनल होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन नहीं, यहां भी 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स को चैन नहीं है। दरअसल, हुआ यूं कि फिनाले से पहले 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क करवाया और इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि मालती चाहर ने तान्या मित्तल को थप्पड़ लगा दिया। इस शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने जा रहा है और अब घर में केवल 8 सदस्य बचे हुए हैं। इन 8 सदस्यों में से भी कुछ को बाहर होना है और इसके लिए 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क रखा। यानी घरवालों के ये वोट डिसाइड करेंगे कि अब कौन सा सदस्य होगा जिन्हें घर से बाहर निकलना होगा। इस शो के नए प्रोमो में नॉमिनेशन टास्क को देखकर फिर से ऐसा लग रहा है कि शो में एक बार फिर से मिड वीक एविक्शन होनेवाला है। इस टास्क में सभी घरवालों को कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने का मौका दिया गया। सबने अपनी-अपनी वजह गिनाते हुए एक-दूसरे को नॉमिनेट भी किया। वहीं, तान्या ने कुछ ऐसा किया कि मालती चाहर ने गुस्से में उनपर हाथ ही उठा दिया। दरअसल, इस नॉमिनेशन टास्क में 'बिग बॉस' ने कहा कि घरवाले जिन्हें नॉमिनेट करना चाहते हैं वो उनके चेहरे पर स्टैम्प लगा दें।

## अश्लेषा और संदीप ने की शादी


**नई दिल्ली।** 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के सेट पर मिलने वाले कपल अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना ने शादी कर ली है। दोनों पिछले 23 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे और आखिरकार उन्होंने शादी कर ली है।



वेडिंग फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने नोट भी लिखा है। संदीप ने बताया, 'अश्लेषा और मैं अप्रैल में वृंदावन गए थे और वहां के राधा-कृष्ण मंदिरों से गहरा जुड़ाव महसूस किया।' उन्होंने आगे कहा, 'उस यात्रा ने हमें 23 साल साथ रहने के बाद शादी करने के लिए प्रेरित किया। हमारे माता-पिता सबसे ज्यादा खुश हैं—वे लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। हम इसे सादगी से करना चाहते थे और भगवान कृष्ण के मंदिर में शादी करने से बेहतर और क्या हो सकता था।' दोनों ने शादी की खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'और बस इसी तरह, मिस्टर और मिसेज के रूप में हमने एक नए अध्याय में कदम रखा... परंपरा ने हमारे दिलों में जगह बना ली।

# एक्टिंग छोड़ बौद्ध भिक्षु बनी थी ये एक्ट्रेस ...

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन बरखा मदान को यह शोहरत और पहचान बहुत पहले ही मिल गई, जिन्हें अब ग्याल्टेन समतेन के नाम से जाना जाता है।



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से पहले, बरखा मदान ने कई सालों तक एक मॉडल के तौर पर काम किया। वह 1994 में फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में हिस्सा लेने वालों में से एक थीं। सुष्मिता विनर बनीं, ऐश्वर्या फर्स्ट रनर-अप रहीं और बरखा को मिस इंडिया टूरिज्म चुना गया। मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद बरखा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आने का फैसला किया और डायरेक्टर उमेश मेहरा ने उन्हें अपनी फिल्म खिलाड़ियों का खिलाड़ी में एक्टिंग डेब्यू कराया। कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद 2012 में, बरखा मदान ने अनाउंस किया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी है और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। यह सबके लिए एक बड़ा शॉक था, क्योंकि कहा जाता है कि उन्हें अपनी जबरदस्त एक्टिंग रेंज की वजह से कई फिल्म प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। लामा जोपा रिनपोछे की देखरेख में बरखा बौद्ध भिक्षु बन गईं और अपना नाम बदलकर वेन. ग्याल्टेन समतेन रख लिया।

# इस सप्ताह ओटीटी पर आने वाली हैं ये कमाल की फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने का शौक अपने आप में खास है और यह जारी है। मगर, इससे इतर ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। थिएटर में जो लोग किन्हीं कारणों से फिल्में देखने नहीं जाते, उन्हें पसंदीदा फिल्मों की ओटीटी रिलीज का इंतजार होता है। वहीं, वेब सीरीज तो खैर ओटीटी पर रिलीज ही होती हैं। इस सप्ताह भी पिटारे में काफी कुछ खास है।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी*** : वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म इस साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फिल्म ओटीटी दर्शकों के लिए आ रही है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 27 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया है।

***कांतारा चैप्टर 1*** : ऋषभ शेट्टी अभिनीत यह फिल्म भी अक्टूबर में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में धमाल करने के बाद यह ब्लॉकबस्टर फिल्म अब



ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। हालांकि, फिल्म का दक्षिण भारतीय संस्करण (तमिल, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम) पहले ही ओटीटी पर दस्तक दे चुका है। अब हिंदी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म आ रही है। हिंदी में यह फिल्म 27 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

***रक्तबीज 2*** : फिल्म 'रक्तबीज 2' भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म सितंबर में रिलीज हुई थी। अब नवंबर के आखिरी वीक में इसकी डिजिटल रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी एक आतंकवाद-रोधी दस्ते पर आधारित है, जो नेता मुनीर आलम को रोकने की कोशिश कर रहा है, ताकि भारत और बांग्लादेश के बीच अराजकता फैलाने की उसकी योजना को असफल किया जा सके। यह फिल्म साल 2023 में आई 'रक्तबीज' का सीक्वल है। 28 नवंबर से यह फिल्म जी5 पर देखी जा सकेगी।

***आर्यन*** : यह तमिल भाषा की क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसमें विष्णु विशाल, श्रद्धा श्रीनाथ, मानसा चौधरी और सेल्वराघवन हैं। एम. घिबरण के निर्देशन में बनी इस फिल्म की स्ट्रीमिंग 28 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर होगी।

***द पेट डिटेक्टिव*** : यह एक मलयालम भाषा की एक्शन-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। एक क्विर्की डिटेक्टिव पेट्स से जुड़े रहस्य को सुलझाती है। यह फिल्म हास्य, सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले कुछ लम्हों से लबरेज है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज हो रही है।

***रैगई*** : यह एक क्राइम ड्रामा सीरीज है। सात एपिसोड की सीरीज के पहले एपिसोड में सब-इंस्पेक्टर वेट्री को एक चौंकाने वाली बात पता चलती है। कॉन्स्टेबल संथिया एक आइस-कार्ट बेचने वाले की रहस्यमयी मौत की जांच कर रही होती है। उसी दौरान पिघलती बर्फ के नीचे से एक कटा हुआ हाथ मिलता है। यही घटना आगे की पूरी जांच को नए और डरावने मोड़ पर ले जाती है।

## हर कहानी में थ्रिल की भरमार, झन्नाटेदार हैं सबके क्लाइमैक्स

# दिमाग को तार-तार कर देंगी ये 7 साइकोलॉजिकल फिल्में

***नई दिल्ली।** इन दिनों ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की अनगिनत फिल्में मौजूद हैं, लेकिन कई बार समझ नहीं आता कि कौन-सी देखी जाए। अगर आप थ्रिलर फिल्में देखना पसंद करते हैं, हम आपको 7 मूवी बताते हैं, जिनकी कहानियां और क्लाइमैक्स आपके होश उड़ देंगे। इस लिस्ट में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की 'दृश्यम' से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन की 'कहानी' तक शामिल हैं।*



**नो स्मोकिंग** : जॉन अब्राहम की यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसे स्मोक करने की लत है। इस वजह से उसकी पत्नी उसे छोड़ देती है, जिसके बाद वह एक रिहैब केंद्र में जाता है और फिर चीजें अजीब और डरावनी हो जाती हैं। साल 2007 में रिलीज हुई इस मूवी को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**गजनी** : इसमें आमिर खान ने लीड रोल निभाया है। इसकी कहानी संजय सिंघानिया नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हर 15 मिनट में अपनी याददाश्त खो देता है। वह अपनी प्रेमिका की मौत का बदला लेने के लिए पूरे शरीर में दुश्मनों के नाम और उनके नंबर गुदवा लेता है। यह फिल्म अमेज प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



**कहानी** : साल 2012 में रिलीज हुई यह फिल्म एक गर्भवती महिला की कहानी है, जो लंदन से कोलकाता अपने गुमशुदा पति की तलाश में आती है। लेकिन क्लाइमैक्स में ऐसा चौंकाने वाला खुलासा होता है कि होश उड़ जाते हैं। विद्या बालन की यह नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है।



**तलाश** : आमिर खान ने इस मूवी में इंस्पेक्टर सुर्जन सिंह शेखावत का किरदार निभाया है, जो एक कार दुर्घटना की जांच करता है। इस घटना में एक एक्टर की जान चली जाती है। इस बीच उसकी एक मिस्ट्री गर्ल से मुलाकात होती है, जो पूरी कहानी पलट देती है।




**तलवार** : यह फिल्म नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित है। इसमें एक वरिष्ठ अधिकारी कई जांचकर्ताओं के बीच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है कि आखिर किसने किशोरी और घरेलू नौकर की हत्या की है। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**लूसिया** : साल 2013 में रिलीज हुई यह मूवी निक्की नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अनिद्रा की समस्या है। वह लूसिया नाम की एक रहस्यमयी गोली लेता है। इसके बाद वह सपनों में जीने लगता है और हकीकत खतरनाक रूप से धुंधली होने लगती है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत स्तरीय मितानिन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बंदोरा मे 23 नवंबर को दोपहर 1 बजे पंचायत स्तरीय मितानिन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधाराम लालू गवेल एवं ग्राम के पंचगण द्वारा मितानिन दीदी एवं आगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का उसाहवर्धन करने हेतु श्रीफल व साड़ी देकर समानित किया गया। सरपंच का कहना था मितानिन दीदी हमारे गांव की सेहत, सुरक्षा और जागरूकता की सच्ची पहरेदार हैं। हर परिस्थिति में आगे बढ़कर लोगों की मदद करना, बच्चों और माताओं की देखभाल, बीमारों तक दवा और सलाह घर - घर पहुंचानाआपकी ये सेवाएं हमारे समाज के लिए अमूल्य हैं।

### सारागांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में भाटापारा मोहल्ला के राठौर निवास में सोमवार 24 नवंबर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा और वेदी पूजन से हुई, जिसमें कथा वाचक पंडित शिवाकांत शर्मा नगर पंचायत सारागांव वाले द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक किया जा रहा है। पहले दिन 25 नवंबर को ब्यास आचार्य ने परीक्षित श्राप और शुकागमन की कथा सुनाई। 26 नवंबर को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, 27 नवंबर को गजाग्राह, बलि प्रसंग, समुद्र मंथन, 28 नवंबर को संक्षिप्त रामकथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 29 नवंबर को बाललीला, रासलीला, कंसवध, रुक्मणि विवाह, 30 नवंबर को सुदामा चरित्र, 1 दिसंबर को श्रीकृष्ण स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, 2 दिसंबर को चढ़ौत्रि, हवन, सहस्त्रधारा और पूर्णाहुति। इस संगीतमय आयोजन में श्रद्धालु भक्तों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का आनंद लेने की अपील की गई है।

### शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए शिक्षिकाएं हुई सम्मानित

**अकलतरा।** बीबी फातिमा ह्युमैनिटि फाउंडेशन द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन चांपा के ओम सिटी सभागार भागार मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्या लता मिरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।



कार्यक्रम में प्रेरणा गीत, पपेट शो के माध्यम से बालिका शिक्षण के प्रति जागरूकता फैलाए जाने एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ की शिक्षिका श्रीमती शबीना बानो खान एवं शासकीय प्राथमिक शाला को पोंड़ी दलहा की शिक्षिका श्रीमती अल्किन खान को बेस्ट टीचर अवार्ड प्रदान करते हुए शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। शिक्षकों की इस उपलब्धि पर बीईओ देवकांत द्विवेदी एबीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह ,श्रीमती स्वाती राठौर बीआरसी शैलेंद्र सिंह शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस व अभिषेक सिंह के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### एमबीबीएस पाठ्यक्रम में उत्कर्ष पाण्डेय का चयन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ कोटे में रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज नया रायपुर में एम बी बी



एस पाठ्यक्रम में नीट की मेरिट द्वारा डी एम ई की चयन सूची से फ्री सीट पर हुआ है। इनकी स्कूली शिक्षा ज्ञान भारती अंग्रेजी माध्यम स्कूल जांजगीर से हुई है। इनके पिता डाक्टर आर सी पाण्डेय ज्ञान भारती स्कूल, पण्डित हरीशंकर एवं उत्कर्ष शिक्षा महा विद्यालय के संचालक हैं। इनके चयन पर डॉक्टर ओपी बिरथरे, डीपी साव, रघुराज पांडेय, दिनेश मिश्रा, दिलीप चतुर्वेदी, आर के जैन, सीमा कश्यप,आर के थवाईत, राजेंद्र गोयल, देवेन्द्र राठौर, गीतेश राठौर, रमा राठौर, लोकेश राठौर, कमल अग्रवाल, संजय पाण्डेय, जितेन्द्र तिवारी, संतोष साव, शशिकांत मिश्रा, एन के चतुर्वेदी,पवन शर्मा आदि ने अपार प्रसन्नता प्रकट करते हुए बधाई दिया है।

---

पंजीकृत किसानों से खरीदी के लिए बनाए गए 125 उपार्जन केन्द्र

# समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 2279 क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु हुई है। अब तक किसानों से 2279.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है।

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है । जिसके तहत समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 2279.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक धान खरीदी केन्द्र किरारी में 141.20 में क्विंटल, चिस्दा (चिस्दा) में 9.2 क्विंटल, चिस्दा (झरप) में 12.4 क्विंटल, डोड़की में 114 क्विंटल, दर्राभांठा में 20.80 क्विंटल, देवरघटा (डभरा) में 1023.60, क्विंटल देवरघटा (जैजैपुर) में 4 क्विंटल, पुटीडीह में 35.2 क्विंटल, दर्री में 8 क्विंटल, फगुरम में 40 क्विंटल, बघौद मे 519.20 क्विंटल, बड़ेकटेकोनी में 31.2 क्विंटल, भोथीडीह में 288.80 क्विंटल, सोंठी (सक्ती) में 29.20 क्विंटल, हसौद मे 2.8 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



## खरीदी केन्द्रों का अधिकारी कर रहे निरीक्षण

जिले के धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का विभिन्न अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में एसडीएम, तहसीलदार



सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर धान खरीदी से संबंधित बैनर लगाए जाने, पेयजल की व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, धान का मानक स्टैकिंग व्यवस्था, नया व पुराना जूट बारदान की उपलब्धता, तिरपाल की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच कर कलेक्टर कार्यालय में आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं। कलेक्टर अमृत विकास तोपनों द्वारा जिले में धान खरीदी केंद्रों में किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत कलेक्टर द्वारा विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं के निगरानी और संरक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### धान खरीदी केंद्रों में आज कटा 47 टोकन

जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। जिला सक्ती में आज दिनांक 25 नवम्बर को धान खरीदी हेतु जिले के 16 उपार्जन केन्द्रों में 47 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 2444.8 क्विंटल धान खरीदी होना है। 25 नवंबर को शाम 5 बजे तक उपार्जन केन्द्रों में कुल 1044.00 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी तक किया जायेगा।

### घर बैठे किसान कटवा रहे ऑनलाइन टोकन

समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसान टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन कटावा रहे है। जाजंग निवासी किसान जय कुमार टंडन ने अपना धान बेचने के लिए ऑन लाइन टोकन कटवाया था। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल सुविधा उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर धान खरीदी केंद्र पहुंचने और अपनी उपज बेचने में बहुत सहायक रही। ऑनलाइन टोकन सिस्टम शासन की बहुत ही अच्छी डिजिटल सुविधा है। किसान ने बताया कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम धान उपार्जन केंद्रों में भीड़ और लंबे इंतजार को काफी हद तक कम करता है।

---



एनसीसी कैडेट्स को जानकारी देते सीटीओ अधिकारी

## एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का एनसीसी कैडेटों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में 77वां एनसीसी दिवस उत्साह पूर्वक के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स ने स्वतंत्रता सेनानियों के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्था के संचालक डॉ. जेके जैन एवं सीटीओ अधिकारी नवीन कुमार आदित्य के उपस्थिति में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, एनसीसी कैडेट्स ने ग्राम पंचायत बनाहिल के चौक-चौराहों पर देशभक्ति से संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। इस दौरान संस्था में निबंध, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश की सेवा करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में उमेश कुमार, कैलाश निर्मलकर, श्रुति निर्मलकर, माया, नीतू ठाकुर, जयकुमार, प्रशांत कांत, महेंद्र कश्यप, दीपक कुमार, षणानंद राठौर, अश्वनी कुमार, श्रवण कुमार, अक्षु डहरिया, वर्षा, दिव्या, अंकिता और मंजुलता उइके, आयुषी यादव एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया एनसीसी दिवस

---

## सरकार किसानों की हित संवर्धन के लिए कर रही कार्य : चंदेल

**डोंगाकोहरौद।** धान खरीदी केन्द्र डोंगाकोहरौद में 24 नवंबर को धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर धान खरीदी केंद्र में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि गुलाब सिंह चंदेल पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष, विशिष्ठ अतिथि संतोष लहरे पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक, देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, रोहणी पटेल प्राधिकृत अधिकारी, सरपंच प्रतिनिधि दुकालु भास्कर, केसला



सरपंच घासीराम पटेल, घनश्याम साहु पूर्व अध्यक्ष, उप सरपंच रथराम पटेल, संतोष कौशिक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि संजू कौशिक उपस्थित रहे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ व केंद्र की भाजपा सरकार लगातार किसानो की हित संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है जिसका परिणाम यह है कि आज गांव गांव के किसान खुशहाल व समृद्ध है तथा किसानो की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीद रहा है। कार्यक्रम को संतोष लहरे ने भी संबोधित किय। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भारत माता व महापुरुषों की पूजा अर्चना किया तत्पश्चात उनका स्वागत शाल श्रीफल पुष्पमाला से किया गया। वहीं धान खरीदी शुभारंभ के तौल कांटा का पूजा व किसान का माला पहनाकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक युगल किशोर मैत्री, खरीदी प्रभारी जीवन बर्मन, उमेंद्र कांत, नारायण लहरे, विकास सिंह कक्षवाहा सहित ग्रामीण मनोज साहु , हुलास राम कश्यप, पंच शनिचराम कश्यप आदि उपस्थित थे।

## गांव को नशामुक्त बनाने सक्रिय भूमिका निभाएं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

ग्राम करनौद में महिला कमांडो का गठन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं बिर्रा थाना प्रभारी जयकुमार साहू उपस्थित होकर महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।

- पुलिस अधीक्षक के उपस्थिति में महिला कमांडों टीम किया गया गठन

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उपस्थित जनसमूह को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और अपील की कि ग्रामीण अपने गांव को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही, साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को देने की सलाह दी। उन्होंने वाहनों में ज्यादा सवारी, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने कहा। इस दौरान महिला कमांडो ने शपथ ली कि वे गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगी और नशे के



पुलिस अधीक्षक के साथ उपस्थित महिला कमांडो।

खिलाफ मजबूत मोर्चा खोलेंगी। समाज में जागरूकता बढ़ाने और नशामुक्त वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराही जा रही है। ग्राम करनौद में महिला कमांडो का गठन करने के लिए लंबे समय से महिलाओं के बीच में चर्चा हो रहा था। इस पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं थाना प्रभारी जयकुमार साहू के द्वारा सभी महिला कमांडों टीम के सदस्यों को टोपी वितरण किया गया एवं महिलाओं की कमांडो का गठन किया। कमांडो का गठन करने का मुख्य उद्देश्य गांव को नशामुक्त करना है। सरपंच श्रीमती रेवती शैलेन्द्र डडसेना ने बताया कि गांव में नशा मुक्ति के लिए महिलाओं का समूह एकत्र हुआ है और आगामी दो-चार महीने में ही गांव को नशामुक्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर रघुनाथ सारथी, दुर्गा प्रसाद डडसेना, राजेंद्र डड़सेना, रमाकांति डडसेना, किरण तिवारी, ज्योति यादव, सतीशचंद पटेल, मिथलेश यादव, भोजराम, ग्राम के मनीष पटेल, राजकुमार डडसेना, शुभम पटेल,निखिल, मंगल दास वैष्णव,सहित लगभग 200 महिलाएं उपस्थित रहीं।

## नंदेलीभाठा मैदान में ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत नंदेली भाठा मैदान में मंगलवार को विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव उद्घाटन कार्यक्रम में खो-खो, रस्सा-कशी, गिल्ली-डंडा और गेड़ी-दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें दर्शकों की भीड़ नें खिलाड़ियों का उत्साह एवं मनोबल बढ़ाया एवं कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ किया गया। इन खेलों में युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा खेल परिसर जोश और उमंग से भर उठा। सांसद खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में टिकेश्वर गबेल शामिल हुए। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती बंशीधर खांडे, सभापति सत्यप्रकाश महंत, सभापति टंकेश्वर पटेल, सदस्य जनपद पंचायत सक्ती ज्ञानी खांडे, पहलवान दास महंत,अरुण शर्मा, विजय जायसवाल और शैलेश जांगडे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल शिक्षक आदि उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 25 और 26 नवंबर को नंदेलीभाठा मैदान में आयोजित किया जा रहा है।



## गांव में मिडिल स्कूल नहीं, दूसरे गांव पढ़ने जाने मजबूर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत देवरीमठ ( करही) में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोलने की मांग पिछले दो दशक से की जा रही है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण यहां पर अध्ययन कर रहे बच्चों को पढ़ाई करने दूसरे गांव के मिडिल स्कूल में आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

- देवरीमठ में पिछले दो दशक से मिडिल स्कूल खोलने ग्रामीण कर रहे मांग

गौरतलब है कि सक्ती जिला के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीमठ (करही) में पिछले दो दशक से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोलने की मांग की जा रही है, क्योंकि ग्राम पंचायत देवरीमठ में दो शासकीय प्राथमिक शाला संचालित है। इसके बावजूद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा मिडिल स्कूल खोलने की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व में पंचायत प्रस्ताव की कॉपी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जैजैपुर, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती के अलावा जिला के मुखिया कलेक्टर को भी ग्राम पंचायत देवरीमठ में मिडिल स्कूल खोलने की मांग के लिए दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी मिडिल स्कूल खोलने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। लिहाजा यहां के गरीब बच्चों को छठवीं, सातवीं और आठवीं कक्षा के पढ़ाई के लिए अपने गांव से दूर जाना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे आने-जाने में असमर्थ हैं। उनके माता-पिता गरीब हैं उनको दूसरे गांव के स्कूलों में लाने ले जाने में असमर्थ हैं। कई गरीब बच्चे दूसरे गांव पढ़ाई करने जाने में असमर्थ हैं जिसके कारण पढ़ना ही छोड़ चुके हैं। इसलिए छोटे-छोटे बच्चों को और अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो यहां पर मिडिल स्कूल में पढ़ाई कर रहे छोटे-छोटे बच्चों को दूसरे गांव पढ़ने जाने में बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों ने जिला के मुखिया कलेक्टर महोदय से ग्राम देवरीमठ में मिडिल स्कूल खोलने की मांग किए हैं।

## शिविर में 98 वाहन मालिकों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने के लिए प्रक्रिया की पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थानीय इकाई के सहयोग से जिला परिवहन विभाग जांजगीर चांपा द्वारा मंगलवार 25 नवंबर को छत्रपति शिवाजी इंडोर हाल में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एचएसआरपी नंबर प्लेट बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है।




शिविर में कुल 98 वाहन मालिकों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने हेतु प्रक्रिया पूर्ण की, जिन्हें आगामी दिनों में आरटीओ विभाग द्वारा नंबर प्लेट प्रदान किया जाएगा। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन में जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित विभाग के सहायक ग्रेड 2 महेश कुमार, सहायक प्रोग्रामर पदुमलाल रात्रे का योगदान रहा। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, विशाल केडिया, चांपा इकाई के अध्यक्ष सुनील सोनी, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, राज अग्रवाल, विक्की मनवानी, रितेश शर्मा, राजन गुप्ता, निखिल जालान, अनिल सोनी, विनय सोनी, अनुपम केड़िया, सहित चेंबर के सदस्यों ने वाहन मालिकों एवं परिवहन विभाग को सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं मारवाड़ी सेवा संघ के अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने भी अपने वाहनों का नंबर प्लेट लगवाने की प्रक्रिया पूर्ण की। शाम 4:30 बजे शिविर की समाप्ति की गई, जहां चेंबर के नागेंद्र गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले दिनों में चेंबर ऑफ कॉमर्स अन्य शासकीय विभागों के आवश्यकता अनुसार शिविर लगाकर व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

### 12 राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, जीता पदक

## ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप में चमके नन्हे शूरवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 में 'दिल्ली पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने अपने उम्दा प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 12 राज्यों के लगभग सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच डी.पी.एस.चाँपा के बच्चों ने अपने साहस, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट तकनीक का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

विद्यालय के 18 प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ियों ने अपने कराटे कोच के कुशल प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिनमें से मृणाल कुमार साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं विद्यालय की उत्कृष्ट कराटे



अतिथि के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

खिलाड़ी रुषिका देवांगन, एवं श्रेयांश किरण, प्रिशा सोनी, तन्मय कुमार बघेल ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का परचम लहराया। इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे विद्यालय की समर्पित कराटे कोच सुश्री सुषमा अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्हें इन प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने में उत्कृष्ट योगदान हेतु स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं बच्चों को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से रायपुर ले जाने एवं प्रतियोगिता के दौरान सहयोग देने में विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक दीपक यादव की भूमिका भी सराहनीय रही। इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन खेल मंत्री टंकराम वर्मा, खेल प्रमुख भरत शर्मा एवं आयोजनकर्ता खेत्रों महानंद तथा शिवा निर्मलकर के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया, जो बच्चों के लिए प्रेरणा का अविस्मरणीय क्षण रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने सभी विजयी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने न सिर्फ शिक्षा में बल्कि खेलों में भी धैर्य, अनुशासन और परिश्रम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

